卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 84 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦31 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दर्जनभर दुकानें आग की भेंट चढ़ी



ऋषिकेश (उद संवाददाता)। फुटपाथ पर बनी करीब एक दर्जन से अधिक दुकानें देर रात आग की भेंट चढ़ गयी। फुटकर सब्जी मंडी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि आग पक्की दुकानों तक नहीं पहुंची। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के मुताबिक घटना रात करीब 1:45 बजे की है। स्थानीय लोगों ने फुटकर सब्जी मंडी की दुकानों में आग की लपटे उठती हुई देखी। मंजर देख तत्काल घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। सूचना पर पुलिस ने भी मौका मुआयना किया है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे दुकानदारों में दहशत बनी हुई है आग लगने का कारणों का अभी भी पता नहीं चल सका है। आग से दुकानदारों को भारी नुकसान पहुंचा है। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है।

## 2023 उत्तराखण्ड के लिए रहा महत्वपूर्ण साल: धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकास यात्रा के लिहाज से 2023 उत्तराखण्ड के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा है। उन्होंने कहा कि हमने 'सशक्त उत्तराखंड' की परिकल्पना के अनुरूप ही विभिन्न संकल्पों को मूर्त रूप देने का काम किया। रविवार को एक बयान में सीएम धामी ने कहा कि हमने वैश्विक निवेशक सम्मेलन के जरिए 3.5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हमारे द्वारा 2.5 लाख करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। निवेश सम्मेलन के जरिए राज्य ने विकास के नये अध्याय की शुरुआत की है। प्रदेश सरकार इस समय भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस के मूलमंत्र पर लगातार कदम बढ़ा रही है। ढाई वर्ष के कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सबसे अधिक कार्रवाई हुई। 38 मामलों में ट्रैप कर 40 भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है। इसमें वर्ष 2023 में 18 मामलों में ट्रैप कर चार अधिकारियों समेत 19 व्यक्ति जेल गए।



## ब्रेक फेल होने पर रोडवेज बस से कूदी महिला, मौत

टिहरी (उद संवाददाता)। दिल्ली से उत्तरकाशी जा रही ऋषिकेश डिपो की रोडवेज बस के अचानक ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक ना लगने के कारण एक महिला जान बचाने के लिए बस से कूद गई। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्राप्त जाकनारी के अनुसार रविवार को नरेंद्रनगर के बगरधार चढ़ाई पर प्रेशर पाइप फटने से रोडवेज की बस ढलान पर पीछे की ओर जाने लगी। इससे बस में सवार यात्रियों में हड़कम्प मच गया। इस दौरान हड़बड़ाहट में एक महिला अपनी जान बचाने के लिए बस से कूद गई। हालाकि थोड़ी देर में ही ड्राइवर की सूझबूझ के चलते बस को (शेष पृष्ठ सात पर)



## चीनी मिल में हादसा, सीजनल कर्मी की मौत

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा शुगर मिल में सीजनल कर्मचारी की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी की ग्राम नवादा गोंडा हाल निवासी पुरानी कॉलोनी चीनी मिल किच्छा राकेश कुमार पुत्र मायाराम स्थानीय शुगर फैक्ट्री में सीजनल कर्मचारी था जिसकी ड्यूटी मिल के बॉयलर के पास लगी हुई थी। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान मृतक पास की ही रेलिंग में खुली हवा लेने के लिए जा रहा था और ऊंचाई से नीचे गिर गया जिसकी सूचना पर आस-पास कार्य कर रहे मिल कर्म चारियों ने मृतक को उठाकर अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चीनी मिल में दुर्घटना की सूचना मिलकर अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मार्तोलिया सहित मिल के प्रबंधन समिति के वरिष्ठ कर्मचारी गण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए जहां पर उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि मृतक कर्मचारी के परिजनों को मिल के नियमानुसार हर प्रकार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवती की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। स्कूटी सवार युवती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक फौजी कॉलोनी कुंडेश्वरी निवासी स्वर्गीय गोपाल सिंह की 22 वर्षीय पुत्री डिंपल खत्री इलेक्ट्रिक पाट्र्स बनाने वाली एक फैक्ट्री में काम करती थी। बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम लगभग 6 बजे वह स्कूटी पर सवार होकर घर से काशीपुर की ओर आ रही थी इसी दौरान कुंडेश्वरी रोड पर गुरु नानक स्कूल के पास अज्ञात वाहन कि चालक में तेजी व लापरवाही से स्कूटी में टक्कर मारकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## नाबालिग लड़की को घर से उठा ले गया नशेड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम में नशेड़ी व्यक्ति घर के बाहर खेल रही नाबालिग लड़की को उठा ले गया। लड़की के सिर में चोट लग जाने से वह बेहोश हुई तो वह व्यक्ति उसे मौके पर ही छोड़ फरार हो गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। परिजनों ने बताया कि पति पत्नी दोनों एक कम्पनी में काम करते है तथा साथ में रात्रि 8 बजे घर पर आते है। 30 दिसम्वा की शाम उनकी नाबालिग पुत्री घर के मेन गेट पर अकेली खेल रही थी। तभी ग्राम निवासी एक व्यक्ति नशे की हालत में पैदल आ रहा था। जिसने (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्जी वीजा बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कोतवाल से मिले पूर्व मंत्री बेहड़



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। टूरिस्ट वीजा के नाम पर विदेश भेजने का झांसा देकर एक व्यक्ति से लाखों रुपए हड़पने वाले कबूतरबाज के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़ के साथ एक शिष्टमंडल ने कोतवाल से मुलाकात कर उन्हें तहरीर सौंपी। सोहन सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम-नजीमाबाद ने बताया कि उसका पुत्र कुलदीप सिंह स्टडी वीजा पर वर्तमान में लन्दन रह रहा था। उसने टूरिस्ट वीजा पर कनाडा जाने को कहा। जिसके लिए उसने रूद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठान से सम्पर्क किया। जहां उसके पुत्र को लंदन से कनाडा भेजे जाने हेतु उकसाया गया। जिस पर उसने उसी दिन 50 हजार रुपए नकद दे दिये तथा उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि शेष रूपये 8 लाख वीजा आने पर देने होंगे। सोहन का कहना था कि 16 सितंबर को उसके पुत्र का वीजा ऑनलाईन आने की बात कहकर उससे 8 लाख रुपए ले लिये। रूपयो का (शेष पृष्ठ सात पर)

## किसानों ने मण्डी समिति गेट पर की तालाबंदी



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। आवारा पशुओं के आतंक के खिलाफ किसानों का धरना कड़ाके की ठंड के बीच दूसरे दिन भी जारी रहा। विधायक गोपाल सिंह राणा के नेतृत्व में किसानों ने विरोध स्वरूप रविवार को मण्डी गेट पर तालाबंदी कर दी। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष लखविंदर सिंह लक्खा, प्रधान पति बलजीत सिंह के नेतृत्व में ग्राम खेमपुर, नौगजा, पचपेड़ा , कल्याणपुर के किसान दूसरे दिन भी मंडी समिति गेट के समक्ष धरने पर डटे रहे। विधायक गोपाल सिंह राणा ने किसानों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि मंडी परिसर सहित सम्पूर्ण नगर में आवारा पशु सभी के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। आवारा पशु गेहूं की फसल को खाकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसल बचाने के लिए कड़ाके की ठंड में किसान रात भर जागकर खेती की रखवाली कर रहा है। आवारा पशुओं की संख्या इतनी बढ़ गई है कि नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उनका जमघट लगा रहता है। किसान कई बार इसकी शिकायत प्रशासन से करते आ रहे हैं लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है। किसानों ने आवारा पशुओं की समस्याओं को हल करने की मांग प्रशासन से की लेकिन जिम्मेदार इस समस्या का हल (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरी बाइक, दो घायल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गुलाबघाटी के पास अनियंत्रित बाइक खाई में गिरने से दो युवक घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने रेस्क्यू कर अस्पताल भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार गुलाबघाटी हनुमान मंदिर के पास बाइक संख्या यूपी22एएक्स-1386 अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इसकी सूचना पर काठगोदाम एसओ विमल मिश्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और खाई में गिरे बाइक सवार एहतेशाम पुत्र नसीमुद्दीन निवासी काशीपुर रामपुर और कासिम अली पुत्र सखावत अली निवासी हकीम गंज रामपुर को रेस्क्यू कर खाई से बाहर निकाला। बताया जाता है कि दोनों काठगोदाम से मुक्तेश्वर को जा रहे थे। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल भर्ती कराया है। साथ ही घटना की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है।



## शीत लहर से बचाव की व्यवस्थाओं का डीएम ने लिया जायजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शीतलहर से कोई जनहानि न हो, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से चाक-चौबन्द व्यवस्था की जा रही है। इन व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने गांधी पार्क के पास स्थित रैन बसेरे तथा नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों जलाए जा रहे अलाव का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बस स्टेशन पहुंचकर आसपास मौजूद लोगों को बताया कि शीतलहर में आश्रय स्थल/शेल्टर होम में आश्रय ले सकते हैं। उन्होंने बस स्टैंड के अंदर सीमेंट तथा लोहे की बेंचो के ठंडा होने तथा यात्रियों के लिए शीतलहर से बचाव हेतु उचित व्यवस्था न होने पर जिलाधिकारी ने 5 जनवरी तक बस स्टैण्ड के अंदर ही अलाव जलाने और बस स्टैण्ड के पास जल रहे अलाव को गेट के नजदीक शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेन बसेरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि रुकने वाले यात्रियों के आधार कार्ड या पहचानपत्र जरुर चेक किए जाएं। उन्होंने सडक किनारे चिन्हित स्थलों पर चल रहे अलाव का भी निरीक्षण किया। सभी चिन्हित 16 जगहों पर अलाव जलते हुए पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अलाव व्यवस्था की जिला स्तर पर आपदा कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी की जा रही है और प्रतिदिन अलाव जलने की फोटोग्राफ ली जा रही हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला आपदा (शेष पृष्ठ सात पर)





# हैप्पी न्यू इयर: नैनीताल, कौसानी, मसूरी गुलजार

## उत्तराखंड में कैंपिंग के लिए सैलानियों में भारी उत्साह, खूबसूरत हिल स्टेशनों की करें रोमांचक सैर

देहरादून/नैनीताल(उद ब्यूरो)। नए साल 2024 के आगमन पर जश्न के लिए अल्मोड़ा में देश से ही नहीं विदेशों से भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए काफी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। रानीखेत, जागेश्वर, चितई, बिनसर जैसे स्थल सैलानियों की पहली पसंद बन रहे हैं। न्यू ईयर सैलीब्रेशन के लिए पर्यटक उत्तराखंड के हिल स्टेशनों का रूख कर रहे हैं। नैनीताल, मसूरी और ऋषिकेश के अलावा इस बार पर्यटकों की पहली पसंद रानीखेत और कौसानी बन रहे हैं। पर्यटक बड़ी संख्या में रानीखेत, जागेश्वर, चितई, कोसी कटारमल, बिनसर, द्वाराहाट और चौखुटिया पहुंच रहे हैं। इलाके के होटल और होम स्टे 80 प्रतिशत तक फुल हो गए हैं। उत्तराखंड के स्वीटजरलैंड कहे जाने वाले कौसानी में पर्यटकों की भीड़ है। नए साल के जश्न के लिए कैसानी पर्यटकों से गुलजार है। कौसानी के 80 प्रतिशत होटल और गेस्टहाउस बुक हो चुके हैं। अभी भी पर्यटकों का यहां आने का सिलसिला जारी है। कौसानी में 43 छोटे बड़े होटल और 15 के करीब गेस्टहाउस हैं। जहां 80 प्रतिशत से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है।रानीखेत और कौसानी में आप बर्फ से ठके पहाड़ देख सकते हैं। हिमालय की लंबी पर्वतमाला के दर्शन के लिए रानीखेत प्रसिद्ध है। रानीखेत और कौसानी में आप कैंपिंग और स्नोफॉल का मजा ले सकते हैं। इसके साथ ही यहां पर आप ट्रैकिंग और पैरीक्लाइडिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं। इस बार पर्यटकों की पहली पसंद बन रहे रानीखेत और कौसानी के होटल एसोसिएशन का कहना है कि न्यू ईयर मनाने के लिए यहां आ रहे पर्यटकों को पहाड़ का जायका चखाया जाएगा। पर्यटकों को पहाड़ी खाना परोसा जाएगा। गहत, भट्ट और मंडुए से बने कई पकवान मेन्यू में शामिल हैं। इसके साथ ही गीत-संगीत के लिए कैरि-ओके की व्यवस्था की गई है। उत्तरकाशी में मोरी के सांकरी से दस किमी दूर समुद्रतल से 12500 फीट की ऊंचाई पर केदारकांठा बुग्याल स्थित है। जहां दूर-दूर तक फैली पहाड़ियों के बीच सूर्योदय और सूर्यास्त का मनमोहक नजारा दिखाई देता है। पिछले कुछ वर्षों से केदारकांठा ने शीतकालीन पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बनाई है। यही वजह है कि वर्षांत पर यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। केदारकांठा से स्वर्गारोहिणी, बंदरपूंछ, व्हाइट माउंटेन, कालानाग, गरूड़ पर्वत श्रृंखलाओं का मनोहारी दृश्य दिखाई देता है। पिछले कुछ वर्षों से जनपद में शीतकाल में सर्वाधिक पर्यटक केदारकांठा का ही रुख कर रहे हैं। उत्तरकाशी मुख्यालय से करीब 115 किमी की दूरी पर स्थित नेलांग घाटी भौगोलिक परिस्थितियों में लद्दाख और स्फीति घाटी से मेल खाती है। इस कारण इसे उत्तराखंड के लद्दाख के रूप में भी जाना जाता है। चीन सीमा के निकट स्थित यह घाटी पर्यटकों के बीच खासी लोकप्रिय हुई है। चमोली जिले के प्रसिद्ध हिमक्रीड़ा स्थल औली के अलावा इसके समीपवर्ती पर्यटन स्थल क्वारीपास, तपोवन, नीती घाटी की टिम्मरसैंण बर्फानी बाबा गुफा, गोरसों बुग्याल जैसे पर्यटन स्थलों में भी पर्यटक सेर सपाटे पर जा सकते हैं। क्वारीपास ट्रेकिंग रूट है, जो तपोवन तक जाता है। यह लार्ड कर्जन रोड का प्रमुख स्थल है। तपोवन क्षेत्र भविष्य बदरी मंदिर का मुख्य पड़ाव है। यह चीन सीमा क्षेत्र में स्थित है। इससे करीब 40 किलोमीटर दूर टिम्मरसैंण महादेव की गुफा स्थित है। जो बाबा बर्फानी के नाम से जानी जाती है। पर्यटक दिनभर यहां प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने के बाद जोशीमठ या सुराईथोटा में रात्रि प्रवास के लिए आ सकते हैं। मिनी स्वीट्जरलैंड के नाम से प्रसिद्ध चोपता रुद्रप्रयाग ही नहीं पूरे प्रदेश का सबसे रमणीक पर्यटक स्थल है। यहां वर्षभर पर्यटकों का आना होता है। साथ ही दुगलबिट्टा और बनियाकुंड में भी पर्यटकों की पहली पसंद है। रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुंड से लगभग 50 किमी की दूरी पर स्थित समुद्रतल से लगभग 9000 फीट की ऊंचाई पर स्थित चोपता अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए सबसे अलग है। बांज, बुरांश और देवदार सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों से घिरे इस क्षेत्र में बुग्याल भी हैं। चोपता से तीन किमी की पैदल दूरी तय कर तृतीय केदार तुंगनाथ पहुंचा जाता है। ऊखीमठ ब्लॉक में ग्राम पंचायत सारी से लगभग तीन किमी की दूरी पर स्थित देवरियाताल अपने अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए खास है। बांज, बुरांश के जंगल के घिरा ताल क्षेत्र में वर्षभर पर्यटक पहुंचते हैं। यहां पहुंचने वाले पर्यटक सीधे प्रकृति से रूबरू होते हैं। गनहिल शहर के बीचोंबीच स्थित पर्यटक स्थल है। एक समय इसे तोपटिब्बा भी कहते थे। गनहिल पहुंचने के लिए मालरोड में झूलाघर से रोपवे में बैठकर पहुंचा जाता है। यहां से हिमालय के व्यू का आनंद ले सकते हैं। देहरादून के झाझरा में विकसित आनंदवन सैलानियों की नई सैरगाह के रूप में तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है। यहां पर ध्यान केंद्र, कृत्रिम बुग्याल (हरियाले घास के मैदान), जड़ी बूटियों वाली नक्षत्र वाटिका, ट्री हट, बंबू हट, उत्तराखंड में मिलने वाले जीवजंतु जैसे हाथी, तेंदुआ, बाघ की प्रतिकृतियां सबको लुभाती हैं। उत्तराखंड की परंपरा को देखते हुए हट के नाम केदार कुटीर और बद्री कुटीर रखे गए हैं। इसके अलावा यहां साहसिक पर्यटन की भी सामग्री मौजूद है। इसमें बर्मा ब्रिज, कमांडो नेट और जिप लाइन जैसी चीजें युवाओं को खास तौर पर अपनी ओर खींच रही हैं। बच्चों को लुभाने के लिए यहां बटर फ्लाई गार्डन और बर्डिंग पैराडाइज बनाया गया है। काणाताल टिहरी गढ़वाल जिले में स्थित एक गांव है। यह चंबा से 12 किमी दूर है। काणाताल में प्रसिद्ध सुरकंडा देवी मन्दिर स्थित है। यहां रोमांच के शौकीनों के लिए भी कई एडवेंचर एक्टिविटी कराई जाती हैं। गेठिया नैनीताल के पास स्थित बेहद सुंदर गांव है। अल्मोड़ा हाईवे पर काठगोदाम रेलवे स्टेशन से करीब 28 किलोमीटर दूर स्थित यह गांव प्राकृतिक सुंदरता को अपने में समेटे हुए हैं। यह ट्रैकिंग और नेचर लवर के लिए तो मुफीद है ही। यहां सैलानी ग्रामीणों के जनजीवन से भी रूबरू हो सकते हैं। यहां से सूर्यास्त और सूर्योदय का नजारा देखने लायक होता है। यह गांव नैनीताल से महज 15 से 20 किलोमीटर दूर है। पर्यटक यहां होटल, रिजॉर्ट और कैंपिंग साइट में ठहरकर एक अलग तरह का अनुभव कर सकते हैं। बीते कुछ समय में ज्योलीकोट बर्ड वॉचिंग के लिए आदर्श स्थल बनकर उभरा है। नदी, झरनों से घिरे इस कस्बे में सैलानी शानदार समय बिता सकते हैं। यह भी अल्मोड़ा हाईवे पर काठगोदाम से महज 20 किमी की दूरी पर स्थित है। फोटोग्राफी के शौकीन यहां कई नजारों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं। भीमताल से करीब 26 किमी दूर स्थित धानाचूली से हिमालय का नयनाभिराम करने वाला नजारा देखने को मिलता है। मौसम साफ होने पर पर्यटक नंदा देवी, त्रिशूल और पंचाचूली की चोटियों का दीदार कर सकते हैं। यहां से निकटतम एयरपोर्ट पंतनगर है, जबकि निकटतम रेलवे स्टेशन काठगोदाम है। लोहाघाट चंपावत जिले में लोहावती नदी के किनारे ऊंचे-ऊंचे देवदारों के वृक्षों के बीच बसा है। धार्मिक ओर एतिहासिक मान्यताओं वाली इस जगह में पर्यटकों के लिए एक्सप्लोर करने के लिए काफी चीजें हैं। पर्यटक यहां देवीधुरा, रीठा साहिब गुरुद्वारा, एबॉट माउंट, वाणासुर का किला, मायावती आश्रम आदि स्थानों पर घूम सकते हैं। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से करीब 85 किमी की दूरी पर स्थित हर्षिल में प्रकृति ने दिल खोलकर नेमतें बरसी है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती है। यहां से हिमाच्छादित चोटियों का नजारा और सेब बगानों के बीच से बहती जालंधरी और ककोड़ागाड का गंगा भागीरथी के साथ संगम पर्यटकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर्यटक जाड़-भोटिया समुदाय द्वारा तैयार हाथ के बने ऊनी वस्त्र भी खरीद सकते हैं। इसके साथ जाड भोटिया समुदाय के ग्राम ग्राम बगोरी में बौद्ध मंदिर व लकड़ी के बने भवनों का भी दीदार किया जा सकता है। हर्षिल में गर्मियों में लामा टॉप भी दर्शनीय स्थल है।









# पर्यटकों से पैक हुआ नैनीताल, दुल्हन की तरह सजाया गया माल रोड

## नए साल के जश्न के लिए भीमताल, मुक्तेश्वर, कैंची धाम, हनुमानगढ़ी पहुंचने लगे पर्यटक, शटल सेवा की व्यवस्था







नैनीताल। नए साल के जश्न के मनाने के लिए हजारों की संख्या में लोग सरोवर नगरी नैनीताल पहुंचे हुए हैं। देश-विदेश से सैलानियों के नैनीताल पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। नए साल के जश्न के लिए नैनीताल के माल रोड को दुल्हन की तरह सजाया गया है। 31 दिसंबर के जश्न और नए साल के स्वागत के लिए नैनीताल पूरी तरह पर्यटकों से गुलजार है। देश विदेश से सैलानियों के नैनीताल पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी हैं। लोग बेसब्री से नए साल का इंतजार कर रहे हैं। नैनीताल में पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ है। नए साल के जश्न के लिए नैनीताल में माल रोड को दुल्हन की तरह सजाया गया है। हर जगह लाइटें लगाई गई है। लाइटों की रोशनी से माल रोड जगमगा रहा है। पर्यटक नैनीताल में बोटिंग का मजा ले रहे हैं। पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने भी अलग से व्यवस्थाएं की हैं। पार्किंग के लिए कई पॉइंट चिन्हित किए गए हैं और जगह-जगह वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है। पुलिस द्वारा उन्हीं पर्यटकों को शहर में वाहन के साथ आने दिया जा रहा जिनके होटल में पार्किंग की व्यवस्था है। बाकी वाहनों को नैनीताल से पहले ही रोक कर पार्क कराया जा रहा है। इसके साथ ही जिले के भीमताल, भवाली, रामगढ़, मुक्तेश्वर और रामनगर में भी पर्यटक नए साल का जश्न मनाने के लिए पहुंच रहे हैं। पुलिस ने पर्यटकों के लिए शटल सेवा की व्यवस्था भी की है। पुलिस और प्रशासन ने भी पर्यटकों से शांतिपूर्ण ढंग से नए साल का जश्न मनाने की अपील की जा रही है किसी भी पर्यटक को किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है। शुक्रवार से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया है। उम्मीद है कि साल की विदाई के दिन होटल, होम स्टे व सरकारी गेस्ट हाउस पूरी तरह पैक हो जाएंगे। नए साल के जश्न के लिए अब सरोवर नगरी पूरी तरह से तैयार हो गई है। सरोवर नगरी नैनीताल नए साल के जश्न के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां पर होटल से लेकर झील तक सज गया है। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी है। इसके साथ ही कैफे और रेस्टोरेंट भी तैयार हैं। पर्यटकों की संभावित भीड़ को देखते हुए होटल-रेस्टोरेंटों में भी खास तैयारियां की गई हैं। सरिताताल, राजभवन, स्नो व्यू, केव गार्डन, हिमालय दर्शन, चिड़ियाघर, वाटर फाल व हनुमानगढ़ी में भारी संख्या में सैलानियों ने सैर की। माल रोड में खासी चहल पहल नजर आई । सूर्यास्त का आनंद लेने की लिए शाम को सैलानी हनुमानगढ़ी पहुंचे हुए थे और दिन के समय विराट हिमालय को निहारने हिमालय दर्शन पहुंचे हुए थे। इधर नगर में आज पूरे दिन धूप खिली रही। मगर सर्द हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट रही। जिस कारण ठंड का एहसास पूरे दिन सताता रहा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में सूखी ठंड बनी रहेगी। नगर का अधिकतम तापमान 13 व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उत्तराखंड में मौसम का मिजाज पल-पल बदल रहा है। आज भी सुबह की शुरुआत हल्की धूप के साथ हुई। वहीं, कुमाऊं के कुछ इलाकों में और हरिद्वार में घना कोहरा छाया रहा। वहीं, प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज बर्फबारी के आसार हैं। इससे सुबह-शाम के साथ दोपहर में भी ठंड बढ़ जाएगी। इसके बाद नए साल पर मैदानी इलाकों में सुबह और रात घना कोहरा लोगों की परेशानी बढ़ा सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश और बर्फबारी के आसार जताए हैं। जबकि, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में घना कोहरा छाने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रही है अभियान के तहत मुखबीर की सूचना पर कोर्ट खर्रा से एक खेत से 70 लीटर कच्ची शराब बरामद कर शराब के कारोबार में लिप्त एक व्यक्ति को जेल भेज दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नजीबाबाद सूर्य नगर निवासी गुरमीत सिंह पुत्र ज्ञान सिंह कच्ची शराब का कारोबार करता है पुलिस द्वारा सूचना पर संभावित स्थान पर छापेमारी की तो गुरमीत सिंह पुत्र ज्ञान सिंह कोर्ट खर्रा में झोपड़ी के पास एक खेत में 70 लीटर शराब जो की दो जरकिन में भरी हुई थी ले जाने की फिराक में था पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मौके पर ही गुरमीत सिंह को कच्ची शराब के गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया।

## जुआ खेलते चार लोग दबोचे

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को जानकारी मिली कि सिरौली कला में आम के बगीचे में कुछ लोग हार जीत लगाकर जुआ खेल रहे हैं जिस जो की सार्वजनिक स्थल है जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे जगदीश कोहली पुत्र रामकिशन निवासी सुनहरी उमर पुत्र जमालुद्दीन निवासी गैस एजेंसी शिक्षा उमेश कोहली पुत्र श्यामलाल निवासी वार्ड नंबर 6 नूरी मस्जिद तथा इरफान पुत्र बड़े आलम निवासी पुराने सुनहरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

## सड़क के बीच कार खड़ी करने से लगा भारी जाम, काटा चालान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार में अम्बेडकर पार्क के पास बीच सड़क कार खड़ी होने से जाम लग गया। काफी देर तक मौके पर अफरा तफरी का माहौल रहा। सूचना पर पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को वहां से हटाकर जाम खुलासा। पुलिस ने कार स्वामी के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार नैनीताल हाईवे से मुख्य बाजार को जाने वाले मार्ग पर अम्बेडकर प्रतिमा के समीप एक कार चालक ने अपनी कार को सड़क पर ही नो पार्किंग जोन में खड़ा कर




दिया। काफी देर तक कार चालक नहीं लौटा। जिससे वहां पर जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गयी। काफी देर तक कार चालक के नहीं आने पर किसी ने पुलिस को सूचना दी। इस पर यातायात पुलिस कर्मी योगेश जोशी दरोगा विजेंद्र यादव के साथ क्रेन लेकर मौके पर पहुंचे और कार को क्रेन से खींच कर यातायात कार्यालय ले जाया गया। यातायात निरीक्षक विजय विक्रम ने बताया कि नो पार्किंग में कार को खड़ा करने पर कार चालक के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गयी है।

## योगी सेना के पदाधिकारियों का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राष्ट्रीय योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप शर्मा,जिलाध्यक्ष डॉक्टर नौबत राम श्रीवास्तव, प्रदेश प्रभारी हयात सिंह,प्रदेश महामंत्री हिमांशु रावत,भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा का योगी सेना कार्यकर्ताओं द्वारा नगर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया । कम्बोज धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्यों द्वारा शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया । कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने हिंदुत्व की रक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान में सभी



का सहयोग मांगा उन्होंने कहा हिंदुत्व की रक्षा के लिए हर कार्यकर्ता, हर नागरिक को एकजुट होकर अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए । प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष निपुणगे जाने सभी का धन्यवाद करते हुए आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर थे शुभारंभ के मौके पर अयोध्या पहुंचने का भी आह्वान किया । इस मौके परभाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, सुरेश खुराना, संतोष गुप्ता, अमित सेतिया सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## अक्षत क्लश यात्रा का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री राम की नगरी अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश यात्रा का बलराम नगर पहुंचने पर पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया । आरएसएस के जिला प्रचारक जितेंद्र, मंडल कार्यवाह शिवम त्रिपाठी और



महिला संयोजिका ज्योति ग्रोवर के नेतृत्व में संत दयाल मंदिर तक पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई जहां श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण के साथ स्वागत किया । इस अवसर पर स्वामी विरागा आनंद, संत विचारानंद, संत दयाल आत्मानंद , नरेश हुड़िया आदि शामिल रहे ।

## निजी क्लीनिक पर कार्रवाई हेतु पहुंची टीम को वापस लौटना पड़ा

गदरपुर(उद संवाददाता)। सीएमओ के निर्देश पर एक निजी क्लीनिक पर कार्रवाई करने के लिए पहुंची टीम को क्लीनिक बंद मिलने पर बैरंग वापस लौटना पड़ा । सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संजीव सरना और राजस्व विभाग के उपनिरीक्षक गरीब सिंह राणा की संयुक्त टीम द्वारा थाने के सामने वाली गली में गुप्ता क्लीनिक पर छापा मारा। साप्ताहिक अवकाश के चलते क्लीनिक बंद मिला क्लीनिक



संचालक से संपर्क किया तो उनका नंबर बंद मिला । डॉक्टर संजीव सरना ने बताया कि सीएमओ ऑफिस को शिकायत मिली थी क्लीनिक के संचालन में अनियमितताएं है उन्होंने क्लीनिक संचालक को संचालक को अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिए सीएमओ ऑफिस तलब किया है । इस दौरान डॉ. अंजनी कुमार, रिजवान अली,एस आई कुसुम रावत ए एस आई जितेंद्र सिंह मेहरा आदि मौजूद थे।

## अल्मोड़ा में रिटायर्ड पिता की निर्मम हत्या,दो बेटियों सहित चार गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। लमगड़ा थाने से 30 किमी दूर भागादेवली गांव में दो बेटियों, बेटे और बड़ी बेटी के प्रेमी ने मिलकर आईटीबीपी से रिटायर्ड पिता की निर्मम हत्या कर दी। ग्रामीणों ने चारों को कमरे में बंद कर पुलिस के हवाले किया। हत्याकांड में शामिल नाबालिग छोटी बेटी को बाल संप्रेक्षण गृह और अन्य को जेल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, सुंदर लाल (60) पुत्र दुर्गाराम आईटीबीपी से कुछ माह पहले ही सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद वह रहने के लिए गांव



आ गए, जबकि उनकी बड़ी बेटी डिंपल, बेटा रितिक और छोटी नाबालिग बेटी देहरादून में पिता के सरकारी आवास में रहते थे। 28 दिसंबर को दोनों बेटियां, बेटा और बड़ी बेटी का प्रेमी हर्षवर्धन पुत्र प्रसादी लाल निवासी संगम विहार दिल्ली गांव पहुंचे। शुक्रवार शाम चारों ने मृतक के भाई को परिवार सहित मारपीट कर घर से भगा दिया। कुछ ही देर में घर से चिल्लाने की आवाज आने लगी। भाई ने ग्रामीणों को मौके पर बुलाया। सभी ने कमरे का दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया तो वहां सुंदर लाल का शव पड़ा था। आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन गांव वालों ने उन्हें दबोचकर कमरे में बंद कर दिया। सूचना पर कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने भाई की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी है।

## दहेज उत्पीड़न में पति और सास पर केस दर्ज

गदरपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के आरोप में महिला द्वारा अपने पति और सास के विरुद्ध केस दर्ज करवाए जाने के मामले में जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खेमपुर निवासी हरविंदर कौर ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहां है कि 22 जनवरी 2014 को उसका विवाह गुरुद्वारा रोड आवास विकास किच्छा निवासी सुखवंत सिंह के साथ हुआ था सुखवंत सिंह से उसके दो बेटे सुखदेव सिंह और सुखरतन सिंह हुए। उसका पति सुखवंत सिंह और सास जोगिंदर कौर आए दिन उसे मारपीट करके उससे अधिक दहेज के रूप में धनराशि लाने के लिए करते रहते थे, उसे कई दिन लगातार भूखा प्यासा रखकर कमरे में बंद कर दिया जाता था ।गत 13 अक्टूबर को उन्होंने उसके साथ मारपीट की तो सूचना पर उसके पिता प्रीतम सिंह उसे अपने साथ घर ले आए । 24 अक्टूबर को सुखवंत सिंह ग्राम खेमपुर आया और उसको 10 लाख रुपए की रकम न लाने पर गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और जाते समय घर से बड़े बेटे सुखदेव सिंह को भी अपने साथ ले गया ।

## बाइक रैली को सफल बनाने के लिए बनाई रणनीति

गदरपुर(उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर में 4 जनवरी को युवा मोर्चा के माध्यम से होने वाली बाइक रैली की बैठक कर योजना बनाई।बैठक में भाजपा नेता अतुल पांडे ने कहा कि भाजपा एक मजबूत पार्टी है इसी के नेतृत्व में सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है जो विकास कार्य बीजेपी में हो रहे हैं अभी तक किसी पार्टी में नहीं हुए उन्होंने कहा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सबको बराबर का सम्मान मिलता है उन्होंने कहा यह बाइक रैली भव्य रैली होगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में सुभाष गुंबर, राजेश गुंबर मिन्नी, महामन्त्री अनिल जेटली, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया, पंकज सेतिया, चंकित, रजत, ग्राम प्रधान संजय चौधरी, सुदेश डंग, संतोष गुप्ता, सचिन बत्रा, गौतम भुड्डी, संदीप बत्रा, गुलशन शर्मा, रवि पाल एवं युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी समन मुंजाल, प्रियांशु गुप्ता, पौरुष गुप्ता चिराग अनेजा, शोभित, रितिक गुप्ता, रवि शर्मा उपस्थित रहे।



## पत्रकार प्रेस परिषद ने संयुक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

रानीखेत (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी के नेतृत्व में पत्रकारों के एक शिष्ट मण्डल ने नवनियुक्त संयुक्त मजिस्ट्रेट वरूणा अग्रवाल से मुलाकात कर उनका स्वागत किया और उन्हें पत्रकारों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के दौरान कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि रानीखेत में सहायक सूचना अधिकारी की तैनाती पूर्व में की गयी थी लेकिन वर्तमान में यहां सहायक सूचना अधिकारी की तैनाती नहीं होने से पत्रकारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही वीआईपी कवरेज एवं सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार में भी मुश्किलें



आ रही हैं। उन्होंने कहा कि जनहित एवं पत्रकारों के हित में यहां पर प्रेस सूचना कार्यालय एवं सहायक सूचना अधिकारी की तैनाती आवश्यक हैं। साथ ही उन्होनें पत्रकारों के हितों के लिए रानीखेत में प्रेस भवन बनाये जाने की मांग भी की। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने दोनों मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में पत्रकार प्रेस परिषद रानीखेत इकाई के अध्यक्ष संदीप पाठक, अजय पुनेठा, विपिन भार्गव, मुकेश कुमार, हर्षवर्धन पंत सहित अन्य पत्रकार शामिल थे।

# डीएम उदयराज ने किया किच्छा चीनी मिल का निरीक्षण





किच्छा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने किच्छा चीनी मिल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने अधिशासी निदेशक चीनी मिल को निर्देशित करते हुये कहा सभी लोग मिल कर पूर्ण मनोयोग्य से कार्य करते हुये चीनी मिल को और अधिक ऊचाईयों पर ले जाने का प्रयास करें। उन्होने कहा कि गन्ना किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न इसका विशेष ध्यान रखते हुये सरकार द्वारा चीनी मिल में अपग्रेड का कार्य कराया गया है जिससे कि चीनी मिल निरंतर चलती रहे। जिलाधिकारी ने चीनी मिल में कार्य कर रहे वर्करों से बात कर उनके स्वास्थ व कार्य करने में किसी प्रकार की कठिनाई तो नही हो रही है पूछा जिसपर वर्करों ने प्रशन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि पहले कार्य करने में स्वांस लेने में परेशानी होती थी अब नई मशीनों की स्थाना हो जाने से डस्ट नही उड़ रहा और कार्य करने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नही हो रही है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ब्वायलरों का किये गये अपग्रेडेशन को देखा व जानकारी ली। उन्होने चीनी मिल के ड्रायर हाउस का निरीक्षण में पाया कि उच्च गुणवत्ता की चीनी उत्पादित की जा रही है व मिल के अन्दर साफ-सफाई की व्यवस्था भी ठीक है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चीनी मिल में उत्पादित हो रहे चीनी को अपने हाथों में लेकर गुणवत्ता को देखा व जानकारी ली। इस दौरान अधिशासी निदेशक चीनी मिल त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि चीनी मिल के लघु आधुनिकीकरण हेतु शासन से 123.03 करोड़ प्राप्त हुये थे जिससे दो ब्वायलरों का अपग्रेडेशन, केन अनलोडर स्टेशन पर हाईड्रॉलिक ग्रेब की स्थाना, 1750 केजी/चार्ज सेन्ट्रीफ्युगल मशीनों की स्थाना, ड्रायर हाउस में डस्ट कैचर की स्थाना की गयी है। श्री मर्तोलिया ने बताया कि चीनी मिल में दो अपग्रेडेशन का कार्य कराया गया है। उन्होने बताया कि ब्वायलरों के अपग्रेड होने से स्टीम की पर्याप्त उपलब्धता है जिससे मिल का संचालन उचित प्रकार से हो रहा है एवं बैगास की भी बचत हो रही है। उन्होने बताया कि केन अनलोडर स्टेशन पर आधुनिक तकनीक द्वारा निर्मित हाईड्रॉलिक ग्रेब्स की स्थापना की गयी है जिससे उक्त ग्रब द्वारा गन्ना पुराने अनलोडर की अपेक्षा अधिक मात्रा में उठाया जा रहा है एवं पटले पर केन फिडिंग भी ठीक प्रकार से हो पा रही है। उन्होने बताया कि मिल के ब्वायलिंग हाउस में स्थापित 12 पुरानी तकनीक की सेन्ट्रीफ्युगल मशीनों के स्थान पर तीन नई आधुनिकक तकनीकयुक्त सेन्ट्रीफ्युगल मशीनों की स्थापना की गयी है, जिसमें से एक या डेढ़ मशीन को ही चलाया जा रहा है। उन्होने बताया कि पूर्व की अपेक्षा 10 कर्मकार कम कार्य पर जा रहे है तथा चीनी की गुणवत्ता में भी सुधार हो रहा है। उन्होने बताया कि नयी मशीनें लगने से बिजली की बचत भी हो रही है। श्री मर्तोलिया ने बताया कि चीनी मिल के ड्रायर हाउस में डस्ट कैचर की स्थापना की गयी है जो हवा में उड़ने वाले चीनी के कणों को खींचकर पुन: रिसायकल हेतु मशीनों में भेजता है, जिससे चीनी की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है एवं ड्रायर हाउस में चीनी के बारीक कण न उड़ने से पर्यावरण की दष्टि से भी उचित सुधार हो रहा है। उन्होने बताया कि 30 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे तक चीनी मिल द्वारा कुल 596200 कुंतल गन्ने की पेराई कर 9.75 प्रतिशन चीनी परता प्राप्त करते हुये कुल 55490 कुंतल चीनी का उत्पादन किया गया है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी निदेशक चीनी मिल त्रिलोक सिंह मर्तोलिया, मुख्य रसायनज्ञ सुधीर कुमार मिश्रा, मुख्य अभियन्ता दिनेश चन्द्र पाण्डे, उप मुख्य रसायनज्ञ एके पाल, प्रभारी गन्ना प्रबन्धक ऋषिपाल सिंह, प्रभारी मुख्य लेखाकार संजय कुमार पाण्डे आदि उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहे महिला मोर्चा: नौटियाल

बाजपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा नौटियाल के निर्देशन एवं जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा उमा जोशी अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आशा नौटियाल ने आगामी 2024 स्वयं सहायता समूह ,किन्नर सम्मेलन, मोदी जी के समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने प्रमुख रूप से केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी प्रभारी विजया लक्ष्मी चौहान , महापौर काशीपुर उषा चौधरी, चेयरमैन सीमा सरकार, नगर मंडल अध्यक्ष वैशाली गुप्ता, जिला महामंत्री चंद्रिका फोगाट, कल्पना राणा, जिला कार्यकारिणी सदस्य निशा चौहान, मंजू यादव, रीति नागर,



लोकसभा चुनाव के लिए मोर्चा की सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कमर कसने को कहा। उन्होंने मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों जिसमें युवती सम्मेलन, स्वयं सेवी संस्था सम्मेलन, कवित्री सम्मेलन महिला खेल अभियान, घर-घर संपर्क अभियान, नीतियों के विषय में विस्तार से बताया। इसके साथ ही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को कैसे मिले इससे जुड़ी योजना बनाई गई हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा उमा जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी, प्रदेश सह मीडिया पुष्पा रौतेला, कविता नेगी, कंचन सिंह , प्रिया बिष्ट, आकांक्षा ठाकुर, योगेश सैनी, सोनिका चौहान, उषा शर्मा, रेखा सक्सेना, बीना नेगी, विमला देवी, रेखा तिवारी, दीपा चुफाल, किरण मौर्य, आदेश चौहान , समस्त जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत गोष्ठी आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना राजकीय इंटर कॉलेज सकैनिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी द्वारा बच्चों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जानकारी देते हुए बेटियों को उचित दिशा निर्देशन दिया । इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर प्रशांत ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देते हुए कैसे स्वस्थ रहा जाए ? पर अपने विचार रखे,एडवोकेट धर्मेंद्र जी द्वारा कानून की जानकारी देते हुए बताया गया कि किस प्रकार कोई समस्या होने पर कैसे कानून की सहायता ली जाए । इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित निबंध प्रतियोगिता ,मेहंदी प्रतियोगिता एवं चार्ट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । निबंध प्रतियोगिता में सुमन कौर प्रथम, मधु द्वितीय एवं अमन कौर तृतीय, मेहंदी प्रतियोगिता में गुलफिजा प्रथम,गुरप्रीत द्वितीय एवं पूजा तृतीया तथा चार्ट प्रतियोगिता में मधु प्रथम,सुहानी द्वितीय एवं प्रीति तृतीय रहे विजयी प्रतिभागियों को बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी द्वारा पुरस्कृत किया गया । इस मौके पर प्रधानाचार्य सुरेश प्रजापति,नरेश हुड़िया, डॉ, कल्याण पांडे ,डॉ, विमला वैद्य, अनिल कुमार राज,परवेज आलम,अनामिका आजाद के अलावा सुपरवाइजर राजकुमारी ,नीमा विष्ट ,शफीकन खान आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती सुनीता,आशा, रजनी एवं कैलाश आदि मौजूद रही ।






# प्रधानमंत्री मोदी का जीवन जनता के लिए समर्पित: अजय भट्ट

## हरिपुरा हरसान में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

बाजपुर (उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज हरिपुरा हरसान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका केन्द्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों तथा उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। श्री भट्ट ने कहा कि सरकारी योजनों का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल के कारण दूरस्थ क्षेत्र को जनता भी आसानी से योजनाओं का लाभ उठा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जन कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चली जा रही हैं। केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन जनता के लिए पूर्णत: समर्पित है। उन्होंने बताया कि लगातार तीसरी बार सर्वे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के नंबर वन नेता चुने गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरगाामी सोच का ही परिणाम है कि देशभर में हर घर शौचालय निर्माण, उज्ज्वला गैस कनेक्शन आदि दिये गये और हर घर नल-हर नल जल का सपना भी साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश में विकास कार्यो एवं कामों की झड़ी लग गई है। सड़क तथा स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल जैसी जटिल परिस्थियों का भी आसानी से सामना किया गया और निशुल्क वैक्सीन तथा राशन उपलब्ध कराया और अपने देश की गरीब जनता को 5 साल तक और राशन दिया जाएगा। गरीबों के लिए राशन, चिकित्सा सभी फ्री मिल रहा है। जाति धर्म, पंथ से ऊपर उठकर जरूरत मंद लोगो को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने पानी के गिलास का उदाहरण देते हुए कहा कि जब तक प्रयास नहीं करेंगे तब तक हम लाभान्वित नहीं हो सकते, हमे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा और फल की प्राप्ति के लिए कर्म करने होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याण कारी एवम स्वरोजगारपरक योजनाएं चलाई जा रहीं हैं, उनका लाभ उठाकर आगे बढ़ना होगा। शिविर में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरित की गई। जबकि सहकारिता विभाग द्वारा 1 लाख रुपए का एक चेक वितरित किया गया। बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया आज हमारे बीच पहुंची हैं। मोदी जी की सरकार के मंत्री अर्थात रक्षा राज्यमंत्री भी पहुंचे हैं, जन सेवा के लिए सदेव समर्पित हैं। इस यात्रा में सारे अधिकारीगण साथ चल रहे हैं और समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। शिविर में चिकित्सा, उद्योग, श्रम, उद्यान, दुग्ध विकास, समाज कल्याण आदि विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी मंच के माध्यम उपस्थित जनसमूह को दी गई। शिविर में, श्रम, कृषि, सेवायोजन, समाज कल्याण, उद्योग, मस्त्य, बाल विकास, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, राजस्व, उद्यान, चिकित्सा, जल संस्थान, दुग्धविकास, सहकारिता, विद्युत आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गए और पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त रुद्रपुर नरेश दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी राजेश तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पंत, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, एलडीएम एसएस जंगपांगी, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र विपिन कुमार, बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, राजेश कुमार, समन्वयक गौरव शर्मा, सुरेंद्र सिंह नामधारी, बिट्टू चौहान, संयोजक कमल किशोर भट्ट, विकास गुप्ता, सुखदेव सिंह नामधारी, गोपाल, एनडी जोशी, बबीता कोरंगा सहित क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।





# शोभा यात्रा के साथ कौशल्या मंदिर में पूजित अक्षत स्थापित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित कौशल्या एनक्लेव के मंदिर में आज रविवार को अयोध्या धाम से पहुंचे पूजित अक्षरों को पूर्ण विधि विधान एवं भव्य तरीके से स्थापित किया गया। इससे पूर्व मुख्य चौराहे पर स्थित गेट संख्या दो पर पूजित अक्षतों का कौशल्या एनक्लेव निवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर श्रद्धा भाव से स्वागत किया गया। जिसके पश्चात शोभा यात्रा के रूप में ढोल नगाड़ों के साथ जय श्री राम के नारे लगाते हुए पूजित अक्षतों को कौशल्या मंदिर तक लाया गया एवं विधि विधान से मंदिर में स्थापित किया गया।समिति के प्रतिनिधि ललित दुमका एवं अजय राज शर्मा ने बताया कि आज से अगले रविवार तक मंदिर प्रांगण में शाम को रोजाना कीर्तन भजन किए जाएंगे। 7 जनवरी दिन रविवार को मंदिर प्रांगण में भव्य कार्यक्रम होंगे। जिसमें प्रात: 10 बजे समस्त भक्तगण मंदिर प्रांगण में एकत्र होंगे जिसमें महिलाएं अपने धार्मिक एवं पारंपरिक परिधानों में होंगे एवं कलश लेकर आएंगे। मंदिर प्रांगण से कौशल्या फेस वन से होते हुए फेस टू तक पूरे कॉलोनी में भव्य शोभा यात्रा निकली जाएगी एवं भव्य शोभा यात्रा समापन के बाद मंदिर प्रांगण में सूक्ष्म प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उसके बाद अगले कुछ दिनों तक पूजित अक्षरों की छोटी-छोटी पोटली बनाकर कौशल्या के सभी घरों में घर घर जाकर पूजित अक्षत वितरण किये जाएंगे। 22 जनवरी अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन के दिन तक मंदिर में रोजाना भजन कीर्तन हनुमान चालीसा सुंदरकांड आदि का पाठ किया जाएगा। 22 जनवरी को मंदिर में भव्य प्रोग्राम भंडारा एवं शाम को दीप उत्सव मनाया जाएगा। श्री दुमका ने बताया गया कि यहां सभी कौशल्या के निवासी हैं। भगवान श्री राम कौशल्या के पुत्र थे। इसलिए हमारी कौशल्या ही श्रीराम का घर है। उन्होंने बताया कि 90 के दशक में भी जब राम मंदिर का नारा चरम पर था उस समय भी अयोध्या से श्री राम ज्योति प्रत्येक शहर एवं गांव के मंदिरों में पहुंचाई गई थी तब भी अपने गांव के मंदिर से ज्योति जलाकर अपने घरों में लेकर आए थे और उस पल को भी एक उत्सव के रूप में मनाया गया था जो एक अविस्मरणीय पल है। उन्होंने सभी भक्तजनों एवं कौशल्या निवासियों का आह्वान किया कि सनातनी होने के नाते भगवान राम के इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यक्रमों में परिवार सहित सम्मिलित होने की कृपा करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने सुझाव भी देंइस अवसर पर मंदिर के पुजारीअशोक मुरारी, अजय राज शर्मा, अमर शुक्ला, सूरज कांडपाल, गणेश चौरसिया, देवेंद्र, संदीप, पूरन पंत, सुरेंद्र गंगवार, जयंत, नंदकिशोर, राम सिंह भोज, ललित दुमका, नारायण दत्त जोशी, ओमप्रकाश, मनोज सहित कौशल्या के सैकड़ो महिलाएं पुरुष बच्चे एवं बाहर से आए भी भक्तगण उपस्थित रहे।



# पीसीएस अधिकारियों ने बॉबी पंवार के खिलाफ खोला मोर्चा

## झूठे आरोप लगाने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई की मांग

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य के पीसीएस अधिकारियों ने उधमसिंहनगर में तैनात एसडीएम मनीष बिष्ट की नियुक्ति के मामले में लगाए जा रहे आरोपों को निराधार व तथ्यहीन बताया है। उनका कहना है कि कतिपय लोग झूठे आरोप लगाकर अधिकारियों का मनोबल तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी करवाई की जानी चाहिए। उत्तराखण्ड पीसीएस अधिकारी संघ और उत्तराखण्ड शासन के सचिव कार्मिक को भेजे अलग अलग ज्ञापन में राज्य के पीसीएस अधिकारियों ने कहा है कि मनीष बिष्ट की कार्यप्रणाली एवम व्यवहार से सभी परिचित हैं। कुछ लोग इन पर तथ्यहीन और मिथ्या आरोप लगाकर सरकार व शासन की छवि धूमिल की जा रही है। जो बर्दाश्त के काबिल नहीं है। ऐसे लोगों पर तत्काल करवाई की जानी चाहिए। बताते चलें कि उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने बीते दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए आरोप लगाए थे कि एसडीएम मनीष बिष्ट की नियुक्ति नियमों के विपरीत हुई है। उनका आरोप है कि मामला पूर्व की पीसीएस परीक्षा 2012 का है, जिसमें लोक सेवा आयोग द्वारा भूतपूर्व सैनिक कौ क्ड पद न होने के बावजूद भी मनीष बिष्ट कौ क्ड के पद पर नियुक्ति दे दी गई। बॉबी पंवार के इन आरोपों के बाद पीसीएस अधिकारियों में उबाल आ गया है। प्रदेश के कई पीसीएस अधिकारियों ने आरोप लगाने वालों के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया है। पीसीएस अधिकारियों के नाराजगी भरे रवैए को देखकर लगता है कि आगे यह मामला तूल पकड़ सकता है। ज्ञापन में कई पीसीएस अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं जिनमें टी एस मर्तोलिया, जयभारत सिंह, कौस्तुभ मिश्र, नरेश दुर्गापाल, शिप्रा जोशी पांडे, तुषार सैनी, गौरव पांडे, विवेक राय आदि शामिल हैं।

# 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की मांग

गदरपुर(उद संवाददाता)। एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के उद्घोष के बीच 22 जनवरी को श्राष्ट्र गौरव दिवसश के रूप में मनाने के लिए प्रधान मंत्री को ज्ञापन भेजा। एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर तहसील परिसर में एकत्र हुए और जयश्री राम के नारों के बीच तहसील कार्यालय पहुंचे,जहां एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.आर के महाजन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार देवेन्द्र सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री महोदय को ज्ञापन भेजा । डॉ, महाजन ने ज्ञापन में मांग की है कि 22 जनवरी हिंदू समाज के लिए गौरव का दिन है ,22 जनवरी 2024 को श्री राम मंदिर का शुभारंभ होने जा रहा है जानकारी देते हुए उन्होंने कहा ,सन 1528 में मुगल आक्रमणकारी बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा सम्राट विक्रमादित्य द्वारा अयोध्या में सरयू नदी के किनारे निर्मित करवाए गए भव्य राम मंदिर को तोड़कर मस्जिद का निर्माण करवाया था । हिंदू समाज के 500 वर्षों के सतत संघर्ष में असंख्य बलिदानों के फलस्वरुप माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है उन्होंने कहा कि श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम है तथा भारत देश का गौरव है उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि 22 जनवरी को राष्ट्रीय गौरव दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए । इस मौके पर डॉ, आरके महाजन,अमित ढींगरा, हरचरण सिंह ,मुकेश फोगाट,राजकुमार नैय्यर,गोपाल कश्यप,अमरीक सिंह,कुंवर सिंह, अजय रावत, सोनू सैनी,चेतराम सिंह, जसवंत सिंह सैनी ,पूरन कंबोज,अर्जुन रावत,अजय सैनी ,रमेश कंबोज ,नोनी राम सैनी,विपिन कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



# दायित्वधारी दिनेश आर्य व दीपक मेहरा का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नवनियुक्त दायित्व धारी दिनेश आर्या व दीपक मेहरा का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम बार नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने विशाल रैली निकाल कर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मिष्ठान वितरण किया।नव नियुक्त दायित्व धारी दीपक मेहरा ने कहा वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, संगठन महामंत्री अजय का आभार व्यक्त करते हैं। प्रदेश सरकार और संगठन ने उन पर भरोसा जताया है जिसे वह बखूबी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता की इच्छा होती है वह जनता की सेवा करे। उन्होंने कहा कि संगठन की नजर सब कार्यकर्त्ताओं पर रहती है इसलिए संगठन पर भरोसा व संयमता रखेंनवनियुक्त दायित्व धारी दिनेश आर्या ने कहा कि उनका बाल्यकाल जनसंघ के समय से रहकर सदा जनता के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा की पार्टी, परिवार और मित्रों का उन्हें असीम सहयोग मिला है। उन्होंने कहा पहाड़ के कुछ गांव पानी से वंचित हैं सबसे पहले उन जगहों तक पहुंच उनका हल करना प्रथम उद्देश्य होगा। मुझे कार्यकर्त्ताओं ने जितनी मालाऐं पहनाईं है उनकी जिम्मेदारी बड़ी है और वह भविष्य में संगठन और उत्तराखंड के लिए खरा उतरेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, विधायक नैनीताल सरिता आर्या, प्रदेश अध्यक्ष मंन्डी परिषद अनिल कपूर डब्बू, निवर्तमान महापौर डॉ जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रदेश मीडिया सह चंदन बिष्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनन्द दर्मवाल, पूर्व प्रदेश मंण्डी परिषद अध्यक्ष गजराज बिष्ट, प्रदेश अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष समीर आर्या, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा सुश्री



भावना मेहरा, विस्तारक दिनेश आर्या, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, महामंत्री रंजन बर्गली, मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, प्रकाश हर्बोला, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, प्रतिभा जोशी, अल्का जीना, विजय लक्ष्मी, राखी जैन, गीता जोशी, धीरज पाण्डे, चंदन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कूटनीतिक प्रयासों की कामयाबी

कतर की एक अदालत में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा में कमी की खबर कई लिहाज से बेहद अहम है। यह निर्णय आने से न सिर्फ संबंधित कर्मियों के परिजनों को इससे काफी राहत मिली होगी, बल्कि यह भारत के लिए भी एक जरूरी फैसला है, क्योंकि जिस दिन मौत की सजा तय होने की खबर आई थी, तभी से यह देश भर में सबकी चिंता का कारण बना हुआ था। मगर गुरुवार को विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कतर में जिन भारतीय कर्मियों के लिए मृत्युदंड निर्धारित किया गया था, वह सजा अब कम कर दी गई है। जाहिर है, अब आगे की सुनवाई में नौसेना के उन पूर्व कर्मियों की सजा में अधिक राहत दिलाने की कोशिश और प्रक्रिया जारी रहेगी, लेकिन इससे एक अहम पक्ष यह साफ हुआ है कि इस संबंध में आई खबर के बाद से ही भारत की ओर से लगातार कूटनीतिक स्तर पर ऐसी कोशिशें शुरू कर दी गई थीं, जिसमें सबसे पहले इस पर जोर दिया गया कि फिलहाल मौत की सजा पर रोक लगे। इस समूचे घटनाक्रम का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि कतर में पहले तय की गई सजा को कम करने पर बनी सहमति को दरअसल भारत के कूटनीतिक प्रयासों की कामयाबी के तौर पर दर्ज किया जा सकता है। गौरतलब है कि भारतीय नौसेना के जिन आठ पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई गई थी, वे सभी दोहा स्थित उस 'दहारा ग्लोबल' कंपनी के कर्मचारी थे, जो कतर के सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजंसियों को प्रशिक्षण और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। हालांकि इन अधिकारियों को अगस्त, 2022 में एक पनडुब्बी परियोजना की जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कतर की ओर से आरोप कभी सार्वजनिक नहीं किए गए थे। इस दौरान आठों कर्मियों के जेल में एक वर्ष से ज्यादा रहने के बाद बीते अक्तूबर में प्राथमिक सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें फांसी की सजा सुना दी थी। हालांकि इतने सख्त फैसले तक पहुंचने तक शायद और विचार किया जा सकता था, क्योंकि अब आखिर किसी ठोस आधार पर ही अपीलीय अदालत ने मौत की सजा को कम किया है। दरअसल, अक्तूबर में मौत की सजा की खबर आने के बाद देश के लोगों के बीच यह स्वाभाविक उम्मीद पैदा हुई कि इस मसले पर भारत सरकार कूटनीतिक स्तर पर सजा को माफ या कम कराने की कोशिश करेगी। इस बीच कुछ समय पहले दुबई में 'काप-28' सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री ने कतर के अमीर से अलग से मुलाकात की और कतर में रह रहे भारतीय समुदाय के कल्याण को लेकर चर्चा की थी। अब सजा में राहत की खबर के बाद यह भी उम्मीद होगी कि क्या इससे ज्यादा नरमी की गुंजाइश बन सकती है। अगर ऐसा नहीं भी होता है तो सन 2014 में भारत और कतर के बीच सजा पाए कैदियों की अदला-बदली के लिए हुए एक समझौते के तहत अगर प्रक्रिया आगे बढ़ी तो संभवतः इन पूर्व नौ-सैनिकों को सजा का बाकी हिस्सा काटने के लिए भारत लाया जा सकेगा। हालांकि इस बारे में अभी किसी औपचारिक पहल की खबर नहीं आई है। यों भारत और कतर के बीच आपसी रिश्ते काफी मजबूत रहे हैं और भारत ने कई नाजुक मौके पर कतर की मदद की है। पूर्व नौसैनिकों के लिए मौत की सजा तय करने के मामले को इसमें एक अड़चन की तरह देखा जा रहा था। अब अपीलीय अदालत के रुख के बाद फिर द्विपक्षीय संबंध ज्यादा बेहतर होने की स्थितियां मजबूत होंगी।

# राज्यसभा के 16 सदस्यों ने नहीं दिया नियमानुसार अपना सम्पत्ति विवरण

## लोक सभा सचिवालय के सूचना अधिकारियों ने किया सांसदों के सम्पत्ति विवरण देने से इंकार

काशीपुर (उद संवाददाता)। राज्य सभा के 16 सदस्य तथा लोकसभा सचिवालय पारदर्शिता से बच रहे हैं। राज्यसभा के 16 सदस्यों ने जहां नियमानुसार अपना सम्पत्ति विवरण राज्यसभा सचिवालय को नहीं दिया है वहीं लोकसभा के केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी ने लोकसभा सांसदों के सम्पत्ति विवरण को गोपनीय सूचना बताते हुये उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया है जबकि 2019 में यही सूचना उपलब्ध भी करायी गयी है। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन द्वारा लोकसभा तथा राज्य सभा सचिवालय से सूचना मांगने से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालय के केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारियों से नियमानुसार शपथ ग्रहण से 90 दिन के अंदर देने योग्य सम्पत्ति दायित्वों का विवरण देने तथा न देने वाले सांसदों की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में लोकसभा सचिवालय के केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी/डिप्टी सैक्रेटरी के.सोना ने सूचना को गोपनीय बताते हुए उसे उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया तथा इसकी प्रथम अपील करने पर अपील प्राधिकारी/ज्वाइंट सैक्रेटरी नीरज सेमवाल ने केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के उत्तर को सही माना। राज्यसभा के केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी एवं निदेशक संजीव चन्द्र ने राज्यसभा के राज्यसभा सदस्य (आस्तियों तथा देयताओं की घोषणा) नियम 2004 के अन्तर्गत 01 जुलाई 2016 से सूचना प्रदान करने की तिथि तक सम्पत्ति का विवरण न देने वाले 16 राज्यसभा सांसदों की सूची उपलब्ध करायी है। इससे पूर्व 2019 में मांगी गयी सूचना से खुलासा हुआ था कि लोकसभा के 503 सांसदों ने सम्पत्ति विवरण नहीं दिया था तथा केवल 36 सांसदों ने ही 10 दिसम्बर 2019 तक अपने सम्पत्ति दायित्वों का विवरण दिया था।राज्य सभा के केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी निदेशक संजीव चन्द्र द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार राज्यसभा के वर्तमान 16 सदस्यों ने अपने सम्पत्ति तथा देयताओं के बारे में सूचना नहीं दी है। सम्पत्ति विवरण न देने वाले राज्यसभा सांसदों में रामदास अठावले, शिबू सोरेन, रायगा कृष्णैया, रविचन्द्र वद्दीराजू, सतीश चन्द्र दूबे, जयराम रमेश, कविता पाटीदार, सुलता देव, मिथलेश कुमार, मीशा भारती, आदित्य प्रसाद, संजय राउत, प्रमोद तिवारी, एस कल्याण सुन्दरम, के.आर. एन.राजेश कुमार, जावेद अली खान शामिल है। लोकसभा के वर्तमान तक जिन सांसदो ने सम्पत्ति विवरण नहीं दिया है उनकी सूची लोकसभा सचिवालय ने गोपनीय बताते हुए नहीं उपलब्ध करायी है। पूर्व में 10 दिसम्बर 2019 तक 503 लोकसभा सांसदों ने अपना सम्पत्ति विवरण नहीं दिया था। प्रधानमंत्री सहित केवल 36 सांसदों ने ही अपना सम्पत्ति दायित्वों का विवरण लोकसभा सचिवालय में दिया था। इन सांसदों में भाजपा के सुरेश अंगादि, रतन लाल कटारिया, प्रहलाद जोशी, डा0 रमेश पोखरियाल निशंक, नरेन्द्र मोदी, स्मृति जुबिन ईरानी, विष्णु दयाल राम, गजेन्द्र सिंह शेखावत, रवि शंकर प्रसाद, नरेन्द्र सिंह तोमर, राजू बिस्ता, साध्वी निरंजन ज्योति, कैलाश चौधरी, देबाश्री चौधरी, संजय शमराव धौतरे, डा0 सत्यपाल सिंह, अनुराग शर्मा, प्रहलाद सिंह पटेल, महेश शर्मा, डॉ0 निषिकांत दुबे, साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, अजय मिश्रा (टेनी), राजा अमरेसवर नायक, हसंराज हंस तथा माला राज्या लक्ष्मीशाह शामिल है। एआईटीसी के सांसदों में सजदा अहमद, खलीलुर्रहमान, दीपक अधिकारी, माला राय, असित कुमार मल, सुदीप बंधोपाध्याय, अबु ताहिर खान तथा प्रसून बनर्जी शामिल है। इसके अतिरिक्त शिवसेना के गजानंद चन्द्रकांत कृतिकर, बीजेडी के अचुत्यानंदसामत्रत तथा एआईडीएमके के पी रविन्द्र नाथ कुमार शामिल है।

# अक्षत कलश यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत




किच्छा(उद संवाददाता)।श्री राम प्राण प्रतिष्ठा अक्षत सेवा समिति द्वारा स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर से डी डी चौक तक अक्षत वितरण कलश यात्रा निकाली गई जिसका एमपी चौक नैनीताल वाली गली पंत मार्केट होते हुए डी डी चौक तक भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान नगर के सभी वार्डो से 15/ 15 महिला पुरुषों ने कलश यात्रा में भाग लिया यहां से प्राण प्रतिष्ठ अक्षत को प्रत्येक वार्ड में चयनित 15 सदस्यों की टीम को सौंप दिया जाएगा तथा प्रत्येक वार्ड में घर-घर प्राण प्रतिष्ठित अक्षत वितरित किए जाएंगे। श्री राम प्राण प्रतिष्ठित अक्षत सेवा वितरण समिति के नगर संयोजक सचिन चावला ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठित प्रतिष्ठित अक्षतों को घर-घर पहुंचाया जाएगा जिसका की 1 जनवरी से लेकर 10 जनवरी तक व्यापक वितरण किया जाएगा इन अक्षतों का प्रयोग 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भव्य कार्यक्रम के लिए प्रसाद रूप में ग्रहण कर प्रत्येक सदस्य को माथे पर उनका तिलक करना होगा तथा प्रसाद रूप में अक्षत ग्रहण करने होंगे उन्होंने बताया कि समिति द्वारा नगर के सभी वार्डों में अक्षत वितरण कमेटी गठित कर दी गई है दैनिक निगरानी में घर-घर अक्षत पहुंच जाएंगे तथा 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में नगर के सभी मंदिरों में वह घरों में पूजा पाठ संपन्न की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के नगर संयोजक सचिव चावला प्रवीण रहेजा, आरती दुबे,विमला गंगवार, अंजू सक्सेना, वरुणा तिवारी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष आरती दुबे, लता सिंह जानकी, तिवारी, पूनम अग्रवाल, दया डसीला, रेणुका चौधरी, अंजनी सोनी, कविता मन ,ज्योति जड़िया कुसुम गंगवार, सुनीता गंगवार करुणा तिवारी, रूपा तिवारी ,मुन्नी तिवारी, प्रेम राठौर, नीतू सिंह, सुशील मौर्य, प्रेमा राठौर , गीता ,मधु गुप्ता माधुरी बिसेन विमल गंगवार ,सुशील मौर्या, कल्पना पन्त ,नीरु पन्त, दीपा मठपाल, पुष्पा लोहनी आदि लोग मौजूद थे।

# दहेज उत्पीड़न में महिला समेत छह नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला समेत कुल छः लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर आशियाना बिल्डिंग के सामने मोहल्ला अल्ली खां निवासी सना परवीन ने बताया कि वर्ष 2020 की 12 अक्टूबर को उसका विवाह चौहान डेरिया, कैलेंडर फैक्ट्री के पास जसपुर निवासी वसीद अली पुत्र नासिर हुसैन के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न हुआ। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शादी की कुछ दिन ठीक-ठाक बीते लेकिन इसके बाद दहेज की खातिर ससुराल वालों द्वारा उसे बुरी तरह प्रताड़ित किया जाने लगा। इस बीच उसने एक पुत्र को जन्म दिया जो अब लगभग 11 माह का है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके माता-पिता द्वारा लाखों का दहेज देने के बावजूद ससुराल वाले बुलेट मोटरसाइकिल तथा दो लाख की और डिमांड कर रहे हैं। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते 23 सितंबर को पति वासिद अली, सास शाहीन उर्फ सनी, ससुर नासिर हुसैन, अलसान व आयशा ने आपस में एक राय होकर उसके साथ बुरी तरह मारपीट करते हुए दहेज की खातिर धक्के मार कर घर से भी घर कर दिया। इसी तरह दहेज फिल्म के एक अन्य मामले में कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी निवासी काशीपुर निवासी खुशबू पुत्री चेतराम ने बताया कि वर्ष 2016 की 9 मई को उसका विवाह मनी मंझारा सेक्टर नंबर 4 पंचकूला कॉलोनी हरियाणा निवासी रिंकू पुत्र स्वर्गीय महेश के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। पीड़िता का आरोप है की शादी की कुछ दिन बाद ही पति ने बुलेट मोटरसाइकिल तथा पांच लाख रूपयों की नगदी के लिए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप की 2021 की 22 मार्च को दहेज लोभी पति ने प्रेग्नेंट पत्नी को गलत दवाई खिलाकर गर्भ में ही बच्चे को करने का प्रयास किया। मायके वालों को जब इसका पता चला तो उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर इस बारे में आरोपी पक्ष को समझने का प्रयास किया लेकिन वह हरकतों से बाज नहीं आए और उन्होंने पीड़िता के परिजनों से बदतमीजी करते हुए पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। 31 मार्च को अलग गंभीर होने पर पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसे गलत दवाई दी गई। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के दोनों ही मामलों में तहरीर के आधार पर सभी छह लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# सत्संग में किया कुरीतियों को त्यागने का आहवान



किच्छा(उद संवाददाता)। सतलोक आश्रम के तत्वाधान में कबीर साहब सत्संग यहां राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया गया। जहां पर कबीर वाणी के तहत संत रामपाल दास के ऑडियो वीडियो सत्संग तमाम भक्त जनों ने सुना। यह ऑडियो वीडियो सत्संग 3 घंटे तक चला, जिसमें सैकड़ो भक्तजनों ने शिरकत की। इस दौरान पुस्तक वितरण कार्यक्रम भी किया गया। सत्संग के माध्यम से समाज में व्याप्त कुछ कुरीतियों को त्यागने का आह्वान किया गया। सत्संग में त्रिलोक दास ने बताया कि शादियों में दहेज रूपी राक्षस को खत्म करने के लिए सतलोक आश्रम ने दहेज रहित विवाह करने सहित तमाम विभिन्न समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि सतलोक आश्रम द्वारा विभिन्न ज्ञान उपयोगी पुस्तकों को वितरण करने के लिए निशुल्क व्यवस्था भी की हुई है जिसके लिए आवेदन करना होता है। इसके अलावा सतलोक आश्रम द्वारा निशुल्क पुस्तक भी वितरित की जाती है ताकि समाज में ज्ञान की गंगा बहाई जा सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से एक राज दास, गोंडा राज दास, महात्मा भोला दास, खेमकरण दास, महेश दास, आरती दासी, बदल दास, विष्णु दास, हेमंत दास, वीर दास, कुसुम दासी,मोहनी दासी, कैलाश दास, आरती, पूनम दासी, कविता दासी, तुलसीदास, कृष्ण, राशि, किरंदासी, प्रीति दासी, सावित्री, रागिनी दासी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# गूलरभोज में अक्षत कलश का किया भव्य स्वागत

गूलरभोज(उद संवाददाता)। शिव मंदिर गूलरभोज रेलवे फाटक के पास भाजपा नेता अतुल पांडे की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें भाजपा नेता अतुल पांडे के द्वारा अयोध्या से आए अक्षत कलश को वितरित किया गया और मंदिरों में राम चालीसा का पाठ करने को कहा गया। इस अवसर पर खंड संयोजक, अजय अरोड़ा, डॉ कुलदीप रघुवंशी, इंदर सिंह मेहता, बाबू सिंह तोमर, संजीव भटेजा, हरीश छाबड़ा, सतीश चुघ, चिमनलाल रलहन, रमेश सागर, भूपेंद्र आर्य, नरेश कुमार, गोविंद राजभर, गौरव रलहन, संजीव गुप्ता, विजय कुमार, कैलाश शर्मा, गुरमेल सिंह, अशोक वर्मा, उदयभान राजभर आदि उपस्थित थे।



# कड़ी सुरक्षा में हुई अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्ती परीक्षा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु नैनीताल पुलिस ने परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। परीक्षार्थियों की सघन चौकिंग/फ्रिस्किंग की गई। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा 2023 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए थे। इस क्रम में एसपीसिटी हरबंस सिंह, एसपी क्राइम डॉ जगदीश चन्द्र, सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी समेत अन्य अधिकारी परीक्षा केंद्रों में पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों में धारा 144 लागू रही। साथ ही पुलिस ने परीक्षा केंद्रों में लगातार चेकिंग/फ्रिस्किंग की। इसके बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश्या की अनुमति दी गई। परीक्षा को लेकर सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों में नैनीताल पुलिस की सोशल मीडिया टीमों द्वारा लगातार निगरानी की गई।

# शिविर में दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अधिशासी अधिकारी नगरपालिका भरत त्रिपाठी ने बताया कि नगर पालिका परिषद् के तत्वाधान में भारत सरकार की प्रमुख जनलाभार्थी योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँच सुनिश्चित करने कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए समस्त विभागों से योजना का लाभ वंचित व्यक्ति तक पहुँचाने के निर्देश दिये तथा इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा किये जाने हेतु उपस्थित हेतु लोगों को जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान विकसित संकल्प यात्रा आई0ई0सी0 वाहन के द्वारा चलचित्र के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस शिविर में उज्जवला योजना के तहत 05 लाभार्थियों तथा पीएम आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग, उद्योग विभाग, प्रधान डाकघर, बाल विकास विभाग एवं पशुपालन विभागों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु स्टॉल लगाये गये तथा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस






के लिए तथा आउटरीच हेतु गतिविधियों के माध्यम से सक्रिय जनभागीदारी के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिये राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन गॉधी पार्क, माल रोड अल्मोड़ा में सांसद अजय टम्टा की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए सांसद ने भारत सरकार की समस्त सभी नागरिकों से अपील की। शिविर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत सूचीबद्ध चिन्हित योजनाओं यथा पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम मुद्रा लोन स्वच्छ भारत मिशन तथा निकाय स्तर पर संचालित समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने आवास के 11 लाभार्थियों को चैक वितरित किये गये। 16 व्यक्तियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा 55 व्यक्तियों के आधार और मोबाईल अपडेट किये गये। चिकित्सा विभाग द्वारा उपस्थित जनता का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, श्रम विभाग, कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरूरानी, मनोज जोशी, प्रदेश महामंत्री ओ0बी0सी0 मोर्चा अजय वर्मा, भाजपा जिला मंत्री महेश बिष्ट, वरिष्ठ कार्यकर्ता वंशीलाल ककड, संयोजक नमो ऐप कृष्ण सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी गोविन्द प्रसाद सहित क्षेत्रीय जनता उपस्थित रहे।

# अभिनेता रणदीप हुड्डा ने किया घायल बाघिन को बचाने का अनुरोध

खटीमा। तराई पूर्वी वन प्रभाग के सुरई रेंज में घायल बाघिन की मदद के लिए बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मदद मांगी है। हुड्डा ने अपने ट्वीट में मुख्यमंत्री और वन विभाग से बाघिन को बचाने और इलाज का अनुरोध किया। वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए एसडीओ खटीमा संचिता वर्मा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर घायल बाघिन की तलाश शुरू कर दी है। तराई पूर्वी वन प्रभाग में बाघों की संख्या बढ़ने से आपसी संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं। तीन दिन पहले ही सुरई रेंज में आपसी संघर्ष में एक बाघ की मौत हो



गई थी। इसी घटना के अगले दिन बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने ट्वीट करते हुए लिखा कि उत्तराखंड के सुरई वन रेंज में एक बाघिन अपने पेट में जाल लेकर घूम रही है। अधिकारियों से अनुरोध है कि उसे बचाने और उसका इलाज करने के लिए तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने चोटिल बाघिन की तस्वीर भी शेयर की है। इसके बाद वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए तराई पूर्वी वन प्रभाग के खटीमा स्थित सुरई वन क्षेत्र में घायल बाघिन की खोज के लिए 35 कैमरा ट्रैप और बाघिन के पद चिह्नों को नापने के लिए 24 पीआईपी लगा दिए हैं। इसके लिए एसडीओ संचिता वर्मा की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय समिति में फॉरेंसिक एक्सपर्ट, पशु चिकित्साधिकारी और वन क्षेत्राधिकारियों को शामिल किया गया है। वन विभाग का दावा है कि घायल बाघिन जंगल में सुरक्षित है। कैमरों के माध्यम से जंगल में घूमते हुए उसके कुछ वीडियो में मिले हैं।

# शहरी विकास निदेशक से मिले पर्यावरण मित्र, कुछ मांगों पर बनी सहमति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देव भूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ के तत्वाधान मे एक शिष्टमंडल शहरी विकास निदेशक से देहरादून में मिला। वार्ता के दौरान कुछ मांगों पर सहमति भी व्यक्त की गई। देहरादून से वापस लौट कर देव भूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष मुकेश राजौरिया ने बताया कि गत जुलाई माह 2021 को सम्पूर्ण उत्तराखण्ड मे सफाई कार्य में ठेका प्रथा को समाप्त किये जाने व अन्य समस्याओं के सम्बंध में काम बंद आंदोलन किया गया था। जिसका अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा कोई निस्तारण नही किया गया। जिसके क्रम में निदेशक शहरी विकास निदेशालय देहरादून मे संघ की मांगो को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान कुछ मांगों पर सहमति बनी। वाहन भत्ता पर्यावरण पर्यवेक्षक की शत प्रतिशत पदौन्नति शेष मांगो पर पुनः वार्ता 12 जनवरी 2024 को की जा सकती है। उन्होंने बताया कि निदेशक ने आश्वासन दिया है कि उनके स्तर की मांगो यथाशीघ्र समाधान किया जाएगा। बाकी पर प्रस्ताव शासन को भेजकर स्वयं लगकर प्राथमिकता से किया जायेगा। राजौरिया ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह व प्रदेश महासचिव राजपाल पवार ने स्पष्ट रूप से शासन से कहा है संघ अब गुमराह नही होगा यदि दिये गए समय से ठेका प्रथा व अन्य समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो संघ पुनः आंदोलन करने को बाध्य हैं। संघ जनवरी माह से पुनः आंदोलन करेगा। राजौरिया ने बताया कि उन्होंने हाउस रेंट का मुद्दा भी निदेशक के सामने रखा और ज्ञापन भी सौपा। जिसमें सफाई कार्य से ठेका प्रथा समाप्त किए जाने, समस्त संविदा/ मौहल्ला समिति व आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित किये जाने, पुरानी पेंशन बहाल किये जाने, मृतक आश्रित कि नियुक्ति में शिथिलता बरतें जाने, सफाई नायक/ कनिष्ठ लिपिक आदि की पदौन्नति किये जाने, सरकारी आवास का मालिकाना हक दिये जाने आदि मांग शामिल है। शिष्ट मंडल में राहत मसीह प्रदेश अध्यक्ष, राजपाल पंवार प्रदेश महासचिव, अमित कुमार प्रदेश संगठन मंत्री, मुकेश राजौरिया प्रदेश सदस्य,चौधरी अमरदीप प्रदेश उपाध्यक्ष आदि प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे।



# स्कूल बस से टकराई ट्रैक्टर ट्रॉली, चार महिलाएं चोटिल

रुद्रपुर। नेशनल हाईवे में लोगों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर डिवाडर को पार कर दूसरी तरफ आ रही स्कूल बस से टकरा गई। टक्कर में बस सड़क पर पलट गई जबकि ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे नाले को पार कर खेत में जा घुसी। हादसे में ट्रॉली पर बैठीं चार महिलाएं चोटिल हो गईं। वहां से गुजर रहे विधायक तिलकराज बेहड़ और उनके सुरक्षाकर्मियों ने चोटिल महिलाओं को घटनास्थल के पास स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। हादसे के समय स्कूल बस में बच्चे नहीं थे। शनिवार सुबह सितारगंज से करीब 25 महिला और पुरुष ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर गदरपुर जा रहे थे। शिमला पिस्तौर पर चालक स्टेयरिंग पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर ट्रॉली डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ से आ रही स्कूल बस से टकरा गई। हादसा भयानक था कि स्कूल बस को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क से नीचे स्थित खेत पर जा पहुंची। इससे उसमें सवार चार महिलाएं चोटिल हो गईं। स्कूल बस में बच्चे नहीं होने से हादसा बच गया। इसी बीच किच्छा जा रहे विधायक बेहड़ और उनके सुरक्षा कर्मियों ने चोटिल महिलाओं को नजदीक के निजी अस्पताल में पहुंचाया। विधायक ने बताया कि सभी लोग गदरपुर के मोतीपुर गांव में एक गमी में जा रहे थे। अगर ट्रैक्टर ट्रॉली पलटती या बस में बच्चे होते तो हादसा बड़ा हो सकता था।

# 21 साइबेरियन पक्षियों के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

गूलरभोज। हरिपुरा जलाशय में साइबेरियन पक्षियों का शिकार नहीं रुक पा रहा है। वन विभाग की टीम ने मृत 21 साइबेरियन परिंदों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार हो गया। वनकर्मियों ने पकड़े गए आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द किया है। शनिवार को प्रवासी पक्षियों को मारकर बेचे जाने की सूचना की जानकारी मिलते ही हरकत में आई वन विभाग की टीम ने हरिपुरा जलाशय में संदिग्ध स्थान की घेराबंदी कर दी। एक बाइक पर तीन लोगों को वन कर्मियों ने पकड़ लिया। एक आरोपी भाग निकला। पकड़े गए दो लोगों से मरे हुए 21 प्रवासी पक्षी बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम उदय निवासी सेप्टाफार्म गूलरभोज और सूरज हालदार निवासी मोतीपुर थाना दिनेशपुर बताया। आरोपियों ने फरार साथी का नाम सुरजीत सिंह उर्फ पुली निवासी गूलरभोज बताया। वनकर्मियों ने आरोपितों को पुलिस के सुपुर्द कर वन अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। टीम में वन क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार गौतम, आरएन डिप्टी रेंजर रमेश चंद्र आर्य,दारोगा कमल सिंह,नीरज खनायत,रघुवर सिंह राणा आदि थे।

## पेज एक का शेष...

**फर्जी वीजा बनाने...**इंतजाम उसने ऋण लेकर व अपना प्लाट बेचकर किया। 27 अक्तूबर को उसे बताया गया कि पासपोर्ट प्रिंट हो चुका है तथा एयर टिकट की बुकिंग करा लो। पुत्र जब लंदन में कनाडा जाने के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचा तथा एयरपोर्ट के अधिकारियों को वीजा प्रस्तुत किया तो उनके द्वारा यह अवगत कराया गया कि वह वीजा फर्जी था। जिस कारण लंदन एयरपोर्ट के अधिकारियों द्वारा पुत्र को कनाडा जाने की अनुमति नहीं दी तथा पुत्र को बमुश्किल कानूनी पचड़े से गुजरते हुए वापस जाना पड़ा। उससे धोखाधड़ी कर 8,50,000 रूपये हडप लिए। रुपए वापस मांगने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार कर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल ने आश्वस्त करते हुए कहा कि वह इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। इस दौरान पूर्व प्रधान सुरजीत सिंह, भजन सिंह, अशोक चुघ, मोहन सिंह, गगनदीप सिंह, सुरजीत सिंह, बलबीर सिंह, मक्खन सिंह, सोहन सिंह व मानक सिंह आदि मौजूद थे।

**नाबालिग लड़की...**उनकी पुत्री को अकेला देखा तो उसको पकड़ लिया एंव उसका मुह दबाकर सुनसान जगह पर घर के पास ले गया। पुत्री को जब उक्त व्यक्ति ने जमीन में गिराया तो उसके सिर पर ईट लग गई जिसकी वजह से उसका पीछे से सिर फट गया और वह मौके पर बेहोश हो गई। वह व्यक्ति उसे बेहोशी हालत में छोड़कर भाग गया। गाँव से गुजर रहे लोगो ने देखा तो वह पुत्री को उठाकर घर पर लाये तब पुत्री ने सब बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**किसानों ने मण्डी...** खोजने में असफल साबित हुए हैं। आवारा पशु किसानों के साथ ही राहगीरों के लिए भी मुसीबत बन रहे हैं। आये दिन इनके कारण लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बीते दिनों भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गौशाला की मांग की थी। आज विधायक गोपाल सिंह राणा ने समस्या के समाधान के लिए दूरभाष पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह से वार्ता की। उन्होंने जिलाधिकारी से अपने स्तर से सम्बधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने का आग्रह किया। इस दौरान खटीमा भारतीय किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर, नानकमत्ता ब्लाक के अध्यक्ष लखविंदर सिंह लक्खा, किसान यूनियन के प्रभारी बलजिंदर सिंह मान, हरजिंदर सिंह, जसविंदर सिंह जस्सा, गुरविंदर सिंह, जयदीप सिंह, हरबंस सिंह, जोगिंदर सिंह आदि मौजूद थे।

**सडक्र हादसे ...** उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान बेहद नाजुक हालत में घायल युवती को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान रात्रि लगभग 8:30 बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आज मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। अचानक घटी घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मचा है। मृतका तीन भाई व चार बहन है। बहनों में वह तीसरे नंबर की थी। एक्सीडेंट के इस मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**ब्रेक फेल होने...**रोक लिया गया और बड़ा हादसा होने से टल गया। बस से कूदकर घायल हुई महिला को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान 55 वर्षीय चंखी देवी पत्नी भगवान सिंह निवासी चंबा के रूप में हुई। बताया जा रहा है हादसे के दौरान बस में मृतक महिला समेत 35 यात्री सवार थे।

**शीत लहर से बचाव..** प्रबंधन अधिकारी, एसडीएम तथा नगर निगम व पालिकाओं की टीम लगातार जरूरतमंदों को कम्बल किए जा रहे हैं। उन्होंने जनपद में चिन्हित सभी स्थलों पर अलाव जलाये जाने के निर्देश दिए।नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने बताया कि रैन बसेरे के जीरिए जरूरतमन्दों को आश्रय मिल रहा है और अब तक39 व्यक्ति आश्रय ले चुके हैं। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम आदि उपस्थित थे।

# नदी में प्री-वेडिंग शूट कराना पड़ गया भारी, गंगा में बहा कपल

ऋषिकेश। ऋषिकेश में एक कपल को प्री-वेडिंग शूट कराना भारी पड़ गया। प्री वेडिंग शूट के दौरान अचानक पानी बढ़ने के कारण दोनों नदी में बह गए। युवक पानी में डूबने के कारण बेहोश हो गया। दोनों को एसडीआरएफ ने समय रहते रेस्क्यू कर उनकी जान बचा ली है। दिल्ली के एक युवक और युवती गंगा नदी में प्री-वेडिंग के लिए ऋषिकेश पहुंचे थे। प्री-वेडिंग शूट के दौरान अचानक ही गंगा का जलस्तर बढ़ गया। जिस से युवक-युवती नदी पर बने एक टापू पर फंस गए। तभी युवक का पैर फिसलने के कारण वो नदी में गिर गया। डूबने के कारण युवक बेहोश हो गया। बताया जा रहा है कि युवक और युवती सिंगटाली पुल के समीप सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे टापू पर शूट करा रहे थे। इसी दौरान नदी में पानी बढ़ गया और दोनों उसमें बह गए। जब इसे आस-पास मौजूद ग्रामीणों ने देखो तो तुरंत एसडीआरएफ को जानकारी दी। जिसके बाद एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंचकर दोनों को रेस्क्यू किया। डूबने के कारण युवक बेहोश हो गया था जिसे एंबिलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया।मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली निवासी मानस (27) पुत्र मुकेश खेड़ा व अंजली पुत्री नवीन अनेजा अपनी शादी से पहले प्री-वेडिंग शूट के उत्तराखंड आए थे। यहां ऋषिकेश के ब्यासी में वो नदी के बीच अपना प्री-वेडिंग शूट करवाने के लिए पहुंचे थे।

# नदी में मिला दोस्तों के साथ गए युवक का शव

नानकमत्ता। तीन दिन पहले दोस्तों के साथ घर से निकले युवक का शव संदिग्ध अवस्था में खकरा नदी में मिला। पुलिस ने शव को नदी से निकाल पंचनामा भर पोस्टमार्टम भेज दिया है। शनिवार दोपहर ग्राम सलामत के ग्रामीणों ने गांव के किनारे बह रही खकरा नदी में युवक का शव देखा। प्रभारी थानाध्यक्ष लक्ष्मण जोशी ने शव को खकरा नदी से निकलवाकर पंचनामा भरवाया। जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार मृतक की पहचान अजीत सिंह राणा (20) पुत्र आनंद सिंह राणा निवासी बिचुआ थाना नानकमत्ता के रूप में हुई। मृतक के पिता हाल निवासी पटिया आनंद सिंह ने बताया कि उनका पुत्र तीन दिन पहले अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था, तब से उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। प्रभारी थानाध्यक्ष लक्ष्मण ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है। मृत्यु के कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# चुनाव में महिलाओं की होगी अहम भूमिका: नौटियाल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नोटियाल ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा महिला मोर्चा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से मोदी सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई कहा योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने का आहवान किया। श्रीमती नौटियाल भाजपा कार्यालय पर महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रही थी। इस बैठक में महिला मोर्चा की प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मंडल महामंत्री शामिल हुई। मोर्चा अध्यक्ष नौटियाल ने कहा कि उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट भाजपा जीत रही है,लेकिन यह जीत एकतरफा हो,इस दिशा में महिला मोर्चा को कार्य करना होगा।उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं की जानकारी घर घर तक पहुंचे,इसके लिए महिला मोर्चा को प्रभावी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने नारी शक्ति बंधन अधिनियम कानून का जिक्र करते हुए कहा कि इस कानून से महिलाएं राजनीतिक तौर पर सशक्त होंगी और आरक्षण का कानून बन जाने से 33% महिलाओं को विधानसभा और संसद में पहुंचने का अवसर मिलेगा जिससे वह महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठा सकेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है,जो महिलाओं को पूरा सम्मान देती है। उन्होंने महिलाओं को लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसने को कहा। इससे पहले महिला प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बिमला मुडेला,प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी ने दीप प्रज्वलन कर बैठक की शुरुआत की। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती नोटियाल का बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री स्वाति शर्मा ने किया।इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विजय लक्ष्मी चौहान, लीला बोरा,रजनी रावत दया दसीला,सावित्री कन्याल,सुलोचना रावत, सम्मी गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रकला राय, सुलोचना रावत,पूनम अग्रवाल,शैली फुटेला,सुमन राय, लता सिंह, जानकी पाण्डेय,आरती दुबे,मीना शर्मा, ममता त्रिपाठी,साधना शर्मा गुरविंदर कौर अनीता ज्वाला, दीपा राय ,अर्चना राय रितु अग्रवाल आदि मौजूद थी।





# चोरी की बाइक सहित एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस द्वारा गत दिवस किच्छा शुगर फैक्ट्री से चुराई गई मोटरसाइकिल को बरामद करते हुए बाइक चोर को भी गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक स्वामी ने बाइक चुराकर भाग रहे चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। तारकेश्वर पुत्र प्रहलाद शाह निवासी वार्ड 6 बंडिया भट्टा किच्छा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह अपने निजी कार्य से चीनी मिल किच्छा में गया था। उसने अपनी बाइक चीनी मिल के गेट पर रोड के किनारे खड़ी कर दी। वापस आने पर बाइक संख्या यूके वी06एएफ 8056 वहां पर नही थी। पूछताछ करने पर लोगो ने बताया कि एक व्यक्ति बाइक को लेकर हल्द्वानी रोड की तरफ ले गया है। बाइक स्वामी ने अपने पुत्र को मौके पर बुलाया और बाइक को ढूंढते हल्द्वानी रोड की तरफ निकल गए। इस दौरान बेनी मजार के पास एक व्यक्ति बाइक को धक्का देकर ले जाते हुये दिखा। बाइक स्वामी ने पुलिस को मौके पर बुला कर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बाइक चोर ने अपना नाम विनोद पुत्र श्याम लाल निवासी महराय रोड लालपुर बताया है पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# व्यापार मंडल चुनाव के लिए सदस्यता संचालन समिति गठित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि नगर इकाई हल्दूचौड़ के चुनाव जल्द होंगे। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे, हल्दूचौड़ प्रभारी रविंद्र बोरा के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई। जिसमें हल्दूचौड़ के व्यापारियों द्वारा संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष एवं समस्त व्यापारियों के सुझाव पर सदस्यता संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें नंद किशोर मिश्रा को सदस्यता प्रमुख और राजेंद्र सिंह राणा, नीरज उप्रेती, हिमांशु धामी, विशाल वर्मा, जुगल राणा, राकेश जोशी, सुशील भट्ट, दिनेश बिस्ट को सदस्य बनाया गया। संचालन समिति में जिला संगठन की ओर से हल्दूचौड़ प्रभारी रविन्द्र बोरा रहेंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने किया। बैठक में मोहन भट्ट, त्रिलोचन दुम्का, गोपाल दत्त सुयाल, दिनेश पांडे, हरीश मिश्रा, कमल पंवार, गजेंद्र सिंह राणा, कुंदन सिंह पिलखवाल, किशन जोशी, भास्कर जोशी सहित कई व्यापारी रहे।



# आर.ए.एन स्कूल में धूमधाम से मना विदाई समारोह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए. एन पब्लिक स्कूल भूरारानी के प्रांगण में वर्ष 2023 की पूर्व संध्या पर कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12वीं को विदाई पार्टी देकर 31 दिसंबर 2023 को यादगार बनाया। रंग बिरंगी ड्रेस में सजे विद्यार्थियों की शोभा से उत्सव शोभायमान हो उठा। 11वीं के छात्र-छात्राओं ने 12वीं के विद्यार्थियों के स्वागत में अनेक अनेक रंगारंग कार्यक्रम, गीत, नृत्य, संगीत आदि प्रस्तुत किएद्य इसके साथ ही सबकी बौद्धिक, शारीरिक, कार्य क्षमता की कुशलता को ध्यान में रखकर सबको उपनाम दिए गए। अपनी विदाई पार्टी को स्मरणीय बनाने के लिए कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने भी विद्यालय में बिताए गए वर्षों के भावपूर्ण पलों को सबके साथ साझा किया एवं सभी अध्यापकों द्वारा अपना भरपूर स्नेह देने के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय के हेड बॉय, हेड गर्ल ने भी अपने व्यक्तित्व में विद्यालय प्रबंधन द्वारा उच्च शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के लिए उनका, प्रधानाचार्या एवं सभी अध्यापकों उनका हृदय से आभार व्यक्त कियाद्य विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय ने बच्चों को सदैव सच्चाई एवं ईमानदारी अपना कर जीवन में आगे बढ़ाने को प्रेरित किया। प्रबंधक मोहित राय ने बच्चों को अनुशासन को अपनाते हुए स्वयं का उज्जवल भविष्य बनाकर देश एवं समाज की सेवा करने की शिक्षा दीद्य विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट एवं उपस्थित शिक्षक गणों ने बच्चों को अपना एवं अपने परिवार का नाम रोशन करने के लिए उत्साहित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मिस्टर आर.ए. एन. ईशान पंत को चुना गया, मिस आर. ए. एन. समृद्धि राजनंदनी को चुना गया। अंत में विदाई समारोह नाच गाने एवं हर्षोल्लास भरे वातावरण में अपराह्न भोज के साथ संपन्न हुआ।






# एनएसएस का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर वाणिज्य कृषि फार्म फाजलपुर महरोला में प्रारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी डॉ राजेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर स्वयं सेवियों ने देश की एकता तथा अखंडता एवं सामाजिक कुरीतियों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिविर की विस्तार से कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने कहा कि शिविर में इस वर्ष मतदाता जागरूकता, पॉलीथिन उन्मूलन, नशा उन्मूलन इत्यादि विषयों पर स्वयं सेवियों द्वारा अनेक कार्य किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि एनएसएस द्वारा छात्रों को समाज में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रेरित किया जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने स्वयं सेवियों का आह्वान किया कि आज देश में तकनीक तथा कुशल नेतृत्व वाले युवकों की आवश्यकता है। स्वयंसेवियों को इसमें बढ चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वयं सेवियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में अनेक सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। जिसमें सभी स्वयं सेवियों को आगे आकर प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने स्वयं सेविओं का आह्वान किया कि स्वच्छता तथा नशा उन्मूलन में अपना योगदान देकर राष्ट्रीय हित में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आज का स्वयंसेवी कल का एक आदर्श नागरिक बनकर देश के विकास में योगदान दे सकता है। इस अवसर पर राजपति बिंद, यतेंद्र सिंह यादव, दिनेश कुमार शुक्ला, नर नारायण वर्मा, कुलदीप गहलोत, सीपी यादव, गजेंद्र सिंह सिकरवार, कृष्ण आर्य , भरत मिश्रा, इंदिरा गवासकोटी सहित सभी स्वयंसेवी उपस्थित थे।



# केंद्र सरकार के फैसले के विरुद्ध टैक्सी चालकों का प्रदर्शन

रुद्रपुर (उस संवाददाता)। टैक्सी गाड़ी यूनियन ने गत दिवस केंद्र सरकार के फैसले के विरुद्ध नारेबाजी कर गांधी पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के फैसले को काला कानून बनाते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। इस मौके पर यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि टैक्सी चालक वाहन चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं और कोई भी वाहन चालक जानबूझकर सड़क हादसा नहीं करता। उन्होंने कहा कि यदि अकारण या गलती से सड़क हादसा हो जाता है और कोई व्यक्ति घायल हो जाता है तो सबसे पहले वाहन चालक अपनी जान बचाने का प्रयास करता है, क्योंकि आक्रोशित भीड़ कभी भी कोई हादसा कर सकती है। ऐसे में सड़क हादसे पर सरकार ने पहले से ही सजा का प्रावधान रखा हुआ है। लेकिन अब इसको बदलकर सजा को और बढ़ा दिया गया है जो टैक्सी चालकों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि आज तक किसी भी सरकार ने वाहन चालकों के पक्ष में कोई कानून नहीं बनाया। जबकि वह दिन-रात मेहनत कर लोगों को उनके मुकाम तक पहुंचाते हैं। ऐसे में यदि सरकार ने यह कानून वापस नहीं लिया तो वह नया साल प्रारंभ होने पर हड़ताल शुरू कर देंगे। प्रदर्शन करने वालों में रिंकू बाबा, बलदेव सिंह, देवेंद्र यादव, गजेंद्र रस्तोगी, ज्ञान प्रकाश पटेल , ओम प्रकाश, नफीस , समीर, धीरज, विष्णु राय, सोनू , राजवीर , आरिफ, सोमपाल , रोहित , सचिन, हरदीप सिंह, महेश कुमार, मोनू, पुष्पेंद्र , वीरपाल , गुरजीत , सिराज, योगेश आदि वाहन चालक मौजूद थे।



# दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता का जगह-जगह हुआ स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता का शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री दत्ता का जगतपुरा काली मंदिर, प्रीत विहार, आदर्श बंगाली कॉलोनी आदि क्षेत्रों में तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं और मोहल्ले के लोगों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और अपनी समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया। श्री दत्ता ने कहा की रुद्रपुर में एक भव्य बंग भवन बनाया जाएगा जहां-जहां बंगाली बाहुल्य क्षेत्र हैं वहां बंगाली शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी ।उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी लोग अपने घरों में दिया जलाएं और प्रभु राम महोत्सव पर दिवाली की तरह उत्सव मनाएं। इस दौरान विधायक शिव अरोड़ा, अनिल चौहान, राकेश सिंह, चंद्रसेन कोली, धीरज गुप्ता, राधेश शर्मा ,निमित्त शर्मा, मनीष शुक्ला ,बलाई विश्वास ,गोविंद राय, गणेश सरकार, छेदा लाल पाल, विधान पांडे ,चंदन सक्सेना, सुबोध मंडल, अनिल विश्वास, शंकर विश्वास ,गोपाल रंग ,हरि गायन, आदेश भारद्वाज, निर्मल हालदार ,परिमल राय ,मनोज कर, दीपक हालदार, करण सिंह, लीलाधर, जितेंद्र मौर्य, गोविंद राय, अजय मौर्या ,हरकेश, हीरालाल भूकन लाल, महेश कोली, जसवंत मौर्य, महेश चंद्र, आशीष श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, मोनू सिंह, सपन मंडल सहित तमाम लोग मौजूद थे।उधर रविंद्र नगर में विश्व हिंदू परिषद की टीम ने उत्तम दत्ता का स्वागत किया। इस अवसर पर शिव शंकर गुप्ता, वीरेंद्र यादव , सुल्तान सिंह, जोगिंदर चौहान, सुदेव दास गुप्ता, रमेश पाल, सुधाकर द्विवेदी, भुवन चंद जोशी , अजय पाल, बंटी राजोरिया, केशव गंगवार, अमित गंगवार, अंकित सिंह, विशाल सिंह, अजय अग्रवाल, लखन पंडित, यश चौहान आदि लोग मौजूद रहे।





# जिला चिकित्सालय के पीएमएस व प्रबंधक सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा नगर इकाई द्वारा जिला चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डा. अमित सिन्हा तथा प्रबंधक डा. अजय वीर सिंह कोस्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।यह सम्मान उनके उनके द्वारा जनसेवा तथा कोविड के दौरान सराहनीय कार्य तथा आम जनता के साथ बेहतर व्यवहार जनता के लिए दिया गया। इस अवसर पर आशुतोष शर्मा, दीपा जोशी, छाया शर्मा, श्रीमती मीना शर्मा, शिवेश शर्मा, वीरू त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे।

